टाइम डेडलाइन से पहले पूर्ण हो 66 एमएलडी से संबंधित समस्त कार्य, कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने एजेंसी को दिए निर्देश, उच्च स्तरीय जलागार सहित जूनवानी रोड में चल रहे वृक्षारोपण का लिया जायजा

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में विकास कार्यों का निरीक्षण करने कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे एवं आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी प्रातः 9:00 बजे अमृत मिशन फेस टू अंतर्गत हो रहे कार्य को देखने 66 एमएलडी फिल्टर प्लांट पहुंचे! उन्होंने संबंधित एजेंसी गोंडवाना को टाइम डेड लाइन के पूर्व 66 एमएलडी से संबंधित समस्त कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं , उन्होंने निगम के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एजेंसी द्वारा किए जा रहे कार्यों की टाइम डेट लाइन तय करें यदि समय पर कार्य पूर्ण नहीं किया जाता है तो संबंधित एजेंसी को पेनाल्टी करें , क्योंकि पेयजल से संबंधित कार्यों को विलंब नहीं किया जा सकता! कलेक्टर श्री भुरे एवं निगम आयुक्त श्री रघुवंशी ने फिल्टर बेड , फाकुलेटर का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए! कोरोना काल में एजेंसी के बाहर रहने से निगम द्वारा अपने स्थानीय कर्मचारियों से जरूरी कार्य कराए जाते रहे हैं परंतु टेक्निकल कार्य एजेंसी के द्वारा ही किया जाना है! वर्तमान में 66 एमएलडी फिल्टर प्लांट में स्काडा सिस्टम , पैनल टेस्टिंग, केबल टेस्टिंग, मोटर पंप टेस्टिंग इलेक्ट्रिकल एवं मैकेनिकल वर्क , टेस्टिंग लैब का कार्य किया जा रहा है , टेस्टिंग लैब के लिए जरूरी उपकरण भी आ चुके हैं! बचे हुए कार्यों में मोटर पंप में लोड लेकर टेस्टिंग की जाएगी और ओवरहेड टैंक एवं पाइप लाइन की टेस्टिंग की जाएगी!

खमरिया में निर्माणाधीन उच्च स्तरीय जलागार का निरीक्षण खमरिया में निर्माणाधीन उच्च स्तरीय जलागार का निरीक्षण कलेक्टर एवं आयुक्त ने संयुक्त रूप से किया! कलेक्टर श्री भुरे ने एजेंसी इंडियन ह्यूमन पाइप को कहा कि प्रगति बार चार्ट तैयार करें , ताकि प्रत्येक होने वाले कार्य के विस्तृत विवरण के साथ ही आगामी होने वाले कार्यों की जानकारी समय-समय पर मिल सके , पूरी कार्य योजना की जानकारी चार्ट में सम्मिलित रहे! वार्ड क्रमांक 1 खमरिया में निर्माणाधीन उच्चस्तरीय जलागार में पानी डालकर टेस्टिंग किया जाना है , इनलेट एवं आउटलेट पाइप लाइन का कार्य वर्तमान में जारी है!

सड़क किनारे किए जा रहे वृक्षारोपण का अवलोकन

भिलाई शहर में हरियाली लाने के लिए निगम के विभिन्न क्षेत्रों में वृक्षारोपण किया जा रहा है! कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के निर्देश पर शहर की सुंदरता बढ़ाने , प्रदूषण मुक्त शहर बनाने की दिशा में कार्य करते हुए प्रमुख सड़कों के किनारे निगम भिलाई द्वारा वृक्षारोपण किया जा रहा है! इसी कड़ी में जूनवानी रोड अवंती बाई चौक से लेकर सूर्या मॉल रोड के सड़कों के दोनों किनारे वृक्षारोपण किया जा रहा है! जिसका अवलोकन कलेक्टर एवं निगम आयुक्त ने किया! उन्होंने कहा कि पौधों की बढ़वार को परखने लिए रेंडम मार्किंग करें तथा पौधों को सुरक्षित एवं संरक्षित रखने का संपूर्ण प्रयास हो , पौधों को

सभी जरूरी पोषक तत्व समय-समय पर मिलते रहे ताकि सभी पौधे जीवित रहे और बड़े होकर वृक्ष के रूप में तब्दील हो जाए! आगे उन्होंने स्लॉटर हाउस के पास किए गए वृक्षारोपण का अवलोकन भी किया व निगम के इन कार्यों की सराहना करते हुए शहर में हरियाली लाने और भी बेहतर कार्य करने के निर्देश दिए!

इंटरकनेक्शन के कार्य का निरीक्षण निजामी चौक के समीप पुरानी पाइप लाइन से नई पाइप लाइन को जोड़ने के लिए इंटरकनेक्शन का कार्य किया जा रहा है! जिसका निरीक्षण कलेक्टर एवं आयुक्त ने किया, एजेंसी इंडियन ह्यूमन पाइप को कार्य में तेजी लाते हुए तय समय पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए! बता दें कि स्लाटर हाउस पानी टंकी से इस क्षेत्र में पानी सप्लाई किया जाना है , जिसके लिए इंटरकनेक्शन का कार्य किया जा रहा है जोन क्रमांक एक क्षेत्र में 15 से अधिक स्थलों पर इंटरकनेक्शन का कार्य किया जा चुका है तथा और भी कई स्थल शेष हैं जिसमें इंटरकनेक्शन का कार्य किया जाना है! निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता सत्येंद्र सिंह , उपायुक्त अशोक द्विवेदी , जोन आयुक्त सुनील अग्रहरी, कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा, उप अभियंता अर्पित बंजारे एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे!